कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- भारत सरकार ने सोने के आयात पर नियंत्रण रखने के लिए सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने का फैसला किया है। बेस शुल्क 7.5% से बढ़ाकर 12.5% कर दिया गया है। सामाजिक कल्याण अधिभार में छूट दी गई है।
- आईएमडी के अनुसार, पूरे भारत में जून में 8% बारिश कम हुई है जबकि मध्य भारत में अभी भी 30% कम बारिश हुई है।
- दुनिया के सबसे बड़े धातु उत्पादक चिली में मई में तांबे का उत्पादन सालाना आधार पर 2.7% कम होकर 480,275 टन रह गया।
- चीन में तांबे का आयात मई में 2.19 मिलियन के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि वर्ष के पहले पांच महीनों के दौरान 6.1% बढ़कर 10.42 मिलियन टन हो गया।
- छौ के अनुसार, 2022 में अमेरिका में कपास का बुआई क्षेत्र 12.5 मिलियन एकड़ रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष से 11 प्रतिशत अधिक है। अपलैंड कपास का बुआई क्षेत्र 12.3 मिलियन एकड़ होने का अनुमान है, जो 2021 से 11% अधिक है, जबकि अमेरिकन पिमा की बुआई 2021 से 23% अधिक क्षेत्र में हुई है।
- कम निर्यात और आने वाले महीनों में अधिक उत्पादन की संभावना से मलेशियाई पॉम ऑयल की कीमतों में 22% मासिक गिरावट हुई, जो लगभग 14 वर्षों में सबसे अधिक गिरावट है।
- सरकारी अधिकारी के अनुसार, इंडोनेशिया अपने बायोडीजल में अनिवार्य पाम तेल मिश्रण को 30% से बढ़ाकर 35% करने पर विचार कर रहा है।
- सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार जून के अंतिम सप्ताह तक सोयाबीन की बुवाई पिछले वर्ष के कुल क्षेत्रफल के 26 प्रतिशत पर की गई है।
- ब्राजील के उद्योग समूह यूनिका के आंकड़ों से पता चला है कि जून में गन्ना पेराई के 55.6% गन्ना पेराई का उपयोग इथेनॉल के लिए किया गया था, जबकि एक साल पहले 53.7% का हुआ था।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	24.06.22	30.06.22	बदलाव (%)
स्टील	46900.00	49940.00	6.48%
सोयाबीन	6335.00	6609.00	4.33%
कैस्टर सीड	7206.00	7480.00	3.80%
कैस्टर ऑयल	1480.50	1524.50	2.97%
रिफाइंड सोया तेल	1317.00	1354.50	2.85%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	24.06.22	30.06.22	बदलाव (%)
कॉटन	41330.00	42730.00	3.39%
निकल	2018.00	2043.40	1.26%
सोना	50614.00	50719.00	0.21%
कच्चा तेल	8384.00	8387.00	0.04%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	24.06.22	30.06.22	बदलाव (%)
ग्वारसीड	5303.00	5134.00	-3.19%
ग्वारेक्स	6794.00	6585.00	-3.08%
ग्वारगम	9872.00	9611.00	-2.64%
कपास	1685.50	1646.00	-2.34%
बाजरा	2168.00	2131.00	-1.71%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	24.06.22	30.06.22	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	492.60	447.70	-9.11%
मेंथा ऑयल	1049.10	1013.40	-3.40%
जिंक	296.80	287.40	-3.17%
चांदी	59749.00	58330.00	-2.37%
लेड	175.95	174.00	-1.11%

साप्ताहिक समीक्षा

डॉलर इंडेक्स में तेजी और मंदी की आशंका से सीआरबी इंडेक्स लगातार चौथे सप्ताह कई वर्षों के उच्च स्तर से फिसल गया। ब्याज दर में वृद्धि जारी रखने के लिए फेड की आक्रामक टिप्पणियों का भी कमोडिटी की कीमतों पर असर पड़ा। नवंबर में ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में 16% और डब्ल्यूटीआई की कीमतों 20% की गिरावट के बाद से यह पहली और सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। गुरुवार को दोनों बेंचमार्क कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 4% की गिरावट हुई क्योंकि उत्पादक समूह ओपेक और उसके सहयोगियों ने जुलाई और अगस्त में प्रति दिन लगभग 650,000 बैरल, जून से 50% से अधिक, के पहले से निर्धारित उत्पादन पर ही सहमति व्यक्त की । अमेरिकी गैसोलीन और डिस्टिलेट भंडार में वृद्धि और दुनिया भर में धीमी आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताओं से कच्चे तेल की कम आपूर्ति को लेकर चिंताओं की भरपायी हुई हैं। एमसीएक्स पर, कच्चे तेल की कीमतें 8400 के स्तर से नीचे टूट गई। गैस भंडार रिपोर्ट में भंडारण में उम्मीद से अधिक बढ़ोतरी और अत्यधिक आपूर्ति वाले बाजार के भय के कारण अमेरिकी नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में कल 6 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से नीचे गिरावट हुई । हेनरी हब में वायदा कीमतें 16.53% की गिरावट के साथ 5.42 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट पर बंद हुई। जून में कॉन्ट्रैक्ट 33% की गिरावट के साथ बंद हुआ, जो दिसंबर 2018 के बाद से सबसे खराब मासिक प्रदर्शन था। एमसीएक्स पर, गैस की कीमतें कई महीनों के निचले स्तर 443 पर पहुंच गई । सोने की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिर दायरे से नीचे टूट गई। एमसीएक्स पर भी सोना अमेरिकी सोने के अनुरूप कारोबार कर रहा था लेकिन आयात शुल्क में अचानक बढ़ोतरी हुई। भारत सरकार ने शुक्रवार को एक अधिसूचना के तहत सोने पर आयात शुल्क 7.5% से बढ़ाकर 12.5% कर दिया है, क्योंकि दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता सोने की मांग को कम करने की कोशिश करना चाहता है। डॉलर वर्तमान में दो दशक के उच्च स्तर के पास कारोबार कर रहा है। डॉलर के मजबूत होने से गैर-यील्ड वाले सर्राफा की मांग प्रभावित हुई है। बेस मेटल ने चीन के बेहतर पीएमआई आंकड़ों को नजरअंदाज किया और मंदी के डर से नीचे फिसल गया। चीन का मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जून में बढ़कर 50.2 हो गया, जो मई में 49.6 था, जो फरवरी के बाद पहली बढ़ोतरी है, जिससे पता चलता है देश की फैक्ट्री गतिविधि का विस्तार हो रहा है। शेयर बाजारों में गिरावट के कारण भी औद्योगिक धातुएं लुढ़क गई हैं क्योंकि केंद्रीय बैंकरों ने दशकों की उच्च मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई की बात कही है। यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में कमजोर आर्थिक आंकड़ों के कारण केंद्रीय बैंकरों की आक्रामक बयानबाजी दोगुनी हो गई है। एलएमई-पंजीकृत गोदामों में जिंक के स्टॉक के बारे में चिंता कम हो गई है जिसे तीन महीने के जिंक कॉन्ट्रैक्ट पर नकदी के लिए प्रीमियम में पिछले सप्ताह 200 डॉलर प्रति टन की तुलना में 66 डॉलर प्रति टन होने जाने से देखा जा सकता है।

कृषि कमोडिटीज में, बेहतर निर्यात के बावजूद ग्वारसीड की कीमतों में 2022 के उच्च स्तर से लगभग 22% की गिरावट हुई है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच मॉनसून की प्रगति ने सेंटीमेंट को प्रभावित किया। कैस्टरसीड की कीमतों में निचले स्तर से तेजी से रिकवरी हुई। वर्तमान में, बुवाई के मौसम की धीमी शुरुआत और कम कैरी-ओवर स्टॉक के कारण कीमतें वर्ष-दर-वर्ष लगभग 45.5% अधिक हैं। एसईए का अनुमान है कि 2021-22 में भारत में अरंडी का उत्पादन 16.94 लाख टन हुआ है जो पिछले साल के अनुमानित उत्पादन 17.56 लाख टन से 62,000 टन कम है। निर्यात के मोर्चे पर, मई 2022 में अरंडी का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 49.5% बढ़कर 31,150 टन हो गया है। मसालों में मामूली तेजी देखी गई।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	24.06.22	30.06.22	(%)
जौ	जयपुर	3,164.85	3,156.75	-0.26
चना	दिल्ली	4,850.00	4,825.00	-0.52
धनिया	कोटा	11,649.65	11,773.55	1.06
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,140.30	1,172.55	2.83
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,266.00	1,279.70	1.08
ग्वारसीड	जोधपुर	5,433.20	5,225.00	-3.83
ग्वारगम	जोधपुर	10,144.80	9,800.00	-3.40
जीरा	ऊंझा	21,407.95	21,536.90	0.60
सरसों	जयपुर	6,900.35	7,099.30	2.88
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,340.00	1,365.00	1.87
सोयाबीन	इंदौर	6,311.95	6,590.35	4.41
हल्दी	निजामाबाद	8,074.20	7,966.15	-1.34
गेहूं	दिल्ली	2,258.80	2,269.00	0.45
कॉटन	कड़ी	45,416.20	43,982.00	-3.16
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,896.40	2,834.35	-2.14

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	24.06.22	30.06.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2,456.00	2,445.50	-0.43
तांबा	LME	नकद	8,381.00	8,258.00	-1.47
लेड	LME	नकद	1,915.00	1,907.50	-0.39
निकल	LME	नकद	22,400.00	22,698.00	1.33
जिंक	LME	नकद	3,350.00	3,157.00	-5.76
सोना	COMEX	अगस्त	1,830.30	1,807.30	-1.26
चांदी	COMEX	सितम्बर	21.16	20.35	-3.83
लाइट क्रूड	NYMEX	अगस्त	107.62	105.76	-1.73
नेचुरल गैस	NYMEX	अगस्त	6.28	5.424	-13.64

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	24.06.22	30.06.22	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	जुलाई	16.10	16.75	4.04
सोया तेल	CBOT	अगस्त	66.93	67.01	0.12
कॉटन	ICE	दिसम्बर	98.05	98.84	0.81
सीपीओ	BMD	सितम्बर	4,664.00	4,810.00	3.13

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	24.06.22 क्वांटिटी	30.06.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	50	50	0
जौ	मी.टन	20	20	0
कैस्टर सीड	मी.टन	53,211	48,867	-4344
धनिया	मी.टन	10,294	10,041	-253
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	41,976	37,008	-4968
ग्वारगम	मी.टन	17,804	16,798	-1006
ग्वारसीड	मी.टन	26,813	26,584	-229
जीरा	मी.टन	6,148	6,061	-87
मक्का	मी.टन	50	-	-50
सोयाबीन	मी.टन	278	278	0
हल्दी	मी.टन	4,663	4,804	141

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	24.06.22 क्वांटिटी	30.06.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	3188.149	3,708	520
तांबा	मी.टन	1532779	1,799,942	267163
सोना	किग्रा	431.00	421	-10
सोना गिनी	किग्रा	14,096.00	14,096	0
सोना मिनी	किग्रा	36,500.00	36,500	0
लेड	किग्रा	318.48	676	357
निकल	किग्रा	39889	13,297	-26592
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	44,277.89	55,964	55769
जिंक	मी.टन	195.341	225	225

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 24.06.22	स्टॉक की स्थिति 30.06.22	अंतर
एल्युमीनियम	388,750	376,925	-11,825
तांबा	113,025	123,825	10,800
निकल	67,296	67,116	-180
लेड	39,600	39,525	-75
जिंक	79,175	81,075	1,900

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	जुलाई	21310.00	11.05.22	तेजी	2120.00	20650.00	-	20600.00
NCDEX	ग्वारसीड	जुलाई	5134.00	30.05.22	मंदी	6000.00	-	5370.00	5400.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	जुलाई	2648.00	04.04.22	मंदी	3200.00	-	2870.00	2900.00
MCX	रबर	जुलाई	-	-	–	-	-	-	-
MCX	मेंथा ऑयल	जुलाई	1013.40	23.05.22	मंदी	1080.00	-	1075.00	1080.00
MCX	बुलडेक्स	जुलाई	14173.00	16.05.22	तेजी	14200.00	14015.00	-	14000.00
MCX	चांदी	सितम्बर	58887.00	23.06.22	मंदी	59504.00	-	60750.00	60800.00
MCX	सोना	अगस्त	50517.00	16.05.22	तेजी	50000.00	51100.00	-	51000.00
MCX	मेटलडेक्स	जुलाई	17468.00	23.06.22	साइडवेज	17963.00	17000.00	18000.00	-
MCX	तांबा	जुलाई	694.15	13.06.22	मंदी	770.00	-	725.00	730.00
MCX	लेड	जुलाई	174.00	25.04.22	मंदी	187.00	-	179.00	180.00
MCX	जिंक	जुलाई	287.40	13.06.22	मंदी	315.00	-	308.00	310.00
MCX	निकल	जुलाई	-	-	–	-	-	-	-
MCX	एल्युमिनियम	जुलाई	208.80	13.06.22	मंदी	225.00	-	223.00	225.00
MCX	एनर्जीडेक्स	जुलाई	-		–	-	-	-	-
MCX	कच्चा तेल	जुलाई	8387.00	23.06.22	मंदी	8222.00	-	9015.00	9050.00
MCX	नेचुरल गैस	जुलाई	447.70	23.06.22	मंदी	494.80	-	542.00	545.00

*30/06/2022 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

कच्चा तेल (जुलाई) एमसीएक्स

कैस्टरसीड (जुलाई) एनसीडीईएक्स

तांबा (जुलाई) एमसीएक्स

कच्चा तेल (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में कच्चा तेल (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 30 जून 2022 को 8387.00 रू पर बंद हुआ। 14 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 9440.00 रू के उच्च स्तर पर था। 10 मई 2022 को 7528.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्य 43.931 है। 8500.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 8200.00 रू के टारगेट के लिए 8400.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

कैस्टरसीड (जुलाई) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में कैस्टरसीड(जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 30 जून 2022 को 7480.00 रू पर बंद हुआ। 23 मई 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 7798.00 रू के उच्च स्तर पर था जबकि 20 जून 2022 को 7040.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 52.965 है। 7225.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 7750.00 रू के टारगेट के लिए 7400.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

तांबा (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में तांबा(जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 30 जून 2022 को 694.15 रू पर बंद हुआ। 03 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 813.90 रू के उच्च स्तर पर था। 01 जुलाई 2022 को 686 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 23.352 है। 705.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 675.00 रू के टारगेट के लिए 695.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

पिछले हफ्ते मसालों के काउंटर में तेजी का रूझान रहा है लेकिन कीमतें पिछले सप्ताह के उच्च स्तर से ऊपर बरकरार नहीं रह सकी, क्योंकि उन्हें उच्च स्तर पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है। हल्दी वायदा (जुलाई) की कीमतों में पिछले सप्ताह के दौरान कुछ उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन बिकवाली के दबाव के कारण यह उच्च स्तर पर कायम नहीं रही। दो सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद कीमतों में गिरावट हुई है। अब रेजिस्टेंस 7950 है जबकि सपोर्ट 7600 के स्तर पर है । कीमतों में 7400 के स्तर तक गिरावट हो सकती है। फिलहाल पर्याप्त स्टॉक और अच्छी बुवाई की प्रगति की खबरें कीमतों पर दबाव बना रही हैं। निर्यात के लिए कम मांग और नए सीजन की आवक के कारण कीमतों में 2022 के उच्च स्तर से 24% से अधिक की गिरावट हुई है। नवीनतम निर्यात आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2022 में हल्दी का निर्यात अप्रैल 2021 के 13280 टन की तुलना में 3.61% बढ़कर 13760 टन हो गया है जबकि जनवरी-अप्रैल 2022 की अवधि के लिए, निर्यात पिछले वर्ष के समान ही 50,500 टन है।

जीरा वायदा (जुलाई) की कीमतों में पिछले सप्ताह भी रिकवरी जारी रही है, क्योंकि रिकवरी से पहले कीमतें 8 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। घरेलू और निर्यात मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद में कारोबारियों द्वारा निचले स्तर की खरीदारी से इसे अच्छा समर्थन मिला। कीमतों को सपोर्ट 20900 के स्तर पर देखा जा रहा है जबकि रेजिस्टेंस 21500 के स्तर पर है। यदि कीमतें 21400 से ऊपर बनी रहती हैं तो 21700 तक बढ़ सकती हैं। कीमतों में बढ़ोतरी के कारण भौतिक बाजार में आवक में सुधार हुआ है। वर्तमान में, कम उत्पादन अनुमान और व्यापारियों के पास कम स्टॉक पर कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 59% अधिक हैं। निर्यात मांग कम होने के कारण 2022 के उच्च स्तर से कीमतों में लगभग 9% की गिरावट हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2022 में जीरा का निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 66% कम होकर 10700 टन हुआ है, जो पिछले 6 वर्षों में अप्रैल महीने सबसे कम निर्यात है, जबकि 2022 के पहले 4 महीनों में निर्यात पिछले साल की समान अवधि के 1 लाख टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 46% घटकर 54000 टन रह गया है।

धनिया वायदा (जुलाई) में पिछले सप्ताह बढ़त के साथ कारोबार हुआ लेकिन कीमतें 11100 के पास सपोर्ट लेते हुए काफी कम दायरे में रही, जबकि रेजिस्टेंस 11500 के स्तर पर है। कम निर्यात के कारण कीमतों में 2022 के उच्च स्तर से लगभग 18-19% की गिरावट हुई थी, लेकिन अब स्थानीय मांग में सुधार के कारण पिछले एक सप्ताह में लगभग 5% की वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2022 में धनिया का निर्यात अप्रैल 2021 के 5500 टन की तुलना में 27.1% कम होकर 4020 टन रह गया है, जबकि 2022 के पहले 4 महीनों में निर्यात पिछले साल के 19,770 टन से 23.5% घटकर 15,100 टन हुआ है, लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 12% अधिक है।

अन्य कमोडिटीज

कम मांग और आने वाले हफ्तों में कपास के उत्पादन क्षेत्र में बढ़ोतरी की उम्मीद के कारण पिछले हफ्ते, कॉटन वायदा (जुलाई) की कीमतों में गिरावट जारी रही है और कीमतें 6% से अधिक की फिसल गई। अब कीमतों को 39820 पर सपोर्ट और 44090 के स्तर पर रेजिस्टेंस है। कीमतों के 40000 के स्तर तक साइडवेज कारोबार करने की उम्मीद है। पिछले एक महीने में कीमतों में लगभग 15% की गिरावट आई है क्योंकि कपड़ा क्षेत्र से कपास की मांग सीमित है। 26 जून को कपास का उत्पादन क्षेत्र पिछले वर्ष की समान अवधि के 37.34 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 14.7% कम होकर 31.83 लाख हेक्टेयर रह गया है, लेकिन जुलाई के महीने में मानसून की प्रगति के साथ उत्पादन क्षेत्र बढ़ने की उम्मीद है। गुजरात में उत्पादन क्षेत्र वर्ष-दर-वर्ष 67% बढ़कर 5.90 लाख हेक्टेयर हो गया है, लेकिन महाराष्ट्र में 47.7% कम होकर 4.53 लाख हेक्टेयर रह गया है। जबकि मध्य प्रदेश में कपास की बुवाई वर्ष-दर-वर्ष 43.3% घटकर 165,000 हेक्टेयर में हुई है। अधिक कीमतों के कारण देश से कपास का निर्यात कम हो गया है जो इस सीजन मई के अंत तक 38 लाख गांठ हुआ है जबकि पिछले समान अवधि में 58 लाख गांठ हुआ था।

ग्वारसीड वायदा (जुलाई) कीमतों में 2022 के निचले स्तरों की ओर गिरावट जारी रही और पिछले सप्ताह 5% से अधिक की गिरावट हुई। मुख्य रूप से राजस्थान में अच्छी बुवाई की रिपोर्ट है। मौसम विभाग द्वारा सामान्य मानसून की रिपोर्ट के बाद से कीमतें पहले ही लगभग 13-15% कम हो चुकी हैं। अब कीमतों में सपोर्ट स्तर तक गिरावट होने की उम्मीद है जबकि रेजिस्टेंस 5400 पर है। वर्तमान में, कम उत्पादन, कई वर्षों में कम स्टॉक और अच्छी निर्यात मांग की संभावना से कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 20% अधिक हैं। फिलहाल सामान्य मांग है और आने वाले सीजन में अधिक बुआई की उम्मीद है। बेहतर निर्यात के बावजूद ग्वारसीड की कीमतों को मदद नही मिल रही है। अप्रैल 2022 में ग्वारगम का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 7% बढ़कर 29132 टन हो गया है, जबकि जनवरी-अप्रैल 2022 के दौरान निर्यात पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 65275 टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 22% बढ़कर 79,650 टन हो गया। पिछले पांच साल के औसत 4 लाख निर्यात की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में ग्वारगम निर्यात लगभग 20% कम हुआ है।

निचले स्तर पर खरीदारी के कारण पिछले सप्ताह अरंडी वायदा (जुलाई)की कीमतों में 3-4% की रिकवरी हुई। लगातार निर्यात मांग के कारण कीमतें 3 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं और इस सप्ताह में तेजी रहने की उम्मीद है। अगर कीमतें 7350 के स्तर से ऊपर बनी रहती है तो 7700 की ओर बढ़ सकती है। वर्तमान में, अच्छी निर्यात मांग और कम कैरी-ओवर स्टॉक के कारण कीमतें वर्ष-दर-वर्ष लगभग 44% अधिक हैं। गुजरात कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 जून तक राज्य में अरंडी की बुआई की धीमी शुरूआत हुई है और पिछले वर्ष की समान अवधि के 545 हेक्टेयर के मुकाबले 41 हेक्टेयर बुआई हुई है। उच्च निर्यात कीमतों के बावजूद कैस्टर ऑयल और मील का निर्यात 2022 के पहले 5 महीनों में क्रमशः लगभग 18% और 3% अधिक हुआ है।

मेंथा ऑयल (जुलाई) की कीमतें 5 महीने के निचले स्तर पर फिसल गई लेकिन निचले स्तर की खरीदारी के कारण इसमें रिकवरी हुई है । कीमतों को 1010 के स्तर पर सपोर्ट है जबकि रेजिस्टेंस 1060 पर है । आगामी दिनों में कीमतें तेजी के रूझान के साथ एक दायरे में कारोबार कर सकती है।

सर्राफा

सोने की कीमतों में 2021 की शुरुआत के बाद से सबसे अधिक तिमाही हुई हैं, क्योंकि प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा बढ़ती मुद्रास्फीति के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाने के बीच सुरक्षित-संपत्ति के रूप में डॉलर की मांग के कारण कीमतों पर दबाव पड़ा। बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 7 जून के बाद से अपने सबसे निचले स्तर तक गिरने के बाद बढ़ी है। डॉलर वर्तमान में दो दशक के उच्च स्तर के पास कारोबार कर रहा है और 5 वर्षों में सबसे अधिक तिमाही बढ़त दर्ज की है, जिससे अन्य मुद्राएं रखने वाले खरीदारों के लिए सोना कम आकर्षक हो गया है। मई में नए अमेरिकी आंकड़ें मुद्रास्फीति की रिकॉर्ड गति से थोड़ी तत्काल राहत प्रदान कर रहे है जिससे फेडरल रिजर्व ब्याज दर में वृद्धि के लिए अगले महीने का इंतजार कर सकता है, लेकिन इससे यह भी संकेत मिला कि सबसे खराब स्थिति से बचा जा सकता है। सोने की कीमतों में लगातार तीसरे महीने गिरावट हुई है और इस तिमाही में लगभग 6% की गिरावट हुई हैं, जो 2021 की पहली तिमाही के बाद सबसे अधिक गिरावट है। दुनिया के शीर्ष केंद्रीय बैंक प्रमुखों ने कहा कि दुनिया भर में उच्च मुद्रास्फीति को कम करना दर्दनाक होगा और विकास को भी प्रभावित कर सकता है, लेकिन तेजी से मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए इसे जल्दी से किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में बढ़ोतरी से सर्राफा धारण करने की अवसर लागत बढ़ जाती है, जिससे कोई ब्याज नहीं मिलता है। विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कारमेन रेनहार्ट ने कहा है कि तेजी से बढ़ती मुद्रास्फीति, तेजी से दर वृद्धि और चीन में धीमी वृद्धि को देखते हुए उन्हें संदेह है कि अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं मंदी से बच सकती हैं । आगामी दिनों कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है, जहां दोनों तरफ की हलचल देखी जा सकती है और सोने की कीमतें 49000-52000 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चांदी में भी भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, जहां यह 56000-61500 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

कच्चे तेल की कीमतों ने तेजी के बाद पेट्रोल की मांग में बेमौसम मंदी के कारण बढ़त गंवा दी। सरकारी रिपोर्ट से पता चला है कि ऐतिहासिक रूप से अधिक रिफाइनिंग मार्जिन के बीच ईंधन निर्माताओं द्वारा उत्पादन बढ़ाए जाने से अमेरिकी कच्चे तेल का स्टॉक कम हो गया। इस बीच, चार-सप्ताह के रोलिंग औसत पर गैसोलीन की मांग 2014 के बाद से, 2020 अपवाद रहा, मौसमी रूप से सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। गैसोलीन की मांग में कमी इस बात का संकेत हो सकती है कि कीमतें उपभोक्ताओं को प्रभावित करना शुरू कर रही हैं। लेकिन तेल की कीमतों को लेकर रूझान अभी भी बेहतर है। वर्तमान में मांग मौसमी औसत से कम है लेकिन कच्चे तेल की मुख्य बात यह है कि इसकी मांग अभी भी बढ़ रही है। कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट मंदी की संभावना के बीच मांग के आउटलुक के बारे में बढ़ती चिंताओं को दर्शाती है। ओपेक+ द्वारा भविष्य में तेल उत्पादन को लेकर अनिश्चितता के कारण तेल की कीमतों में भी तेजी से गिरावट हुई है। दो दिवसीय बैठक के बाद, ओपेक + जुलाई और अगस्त में प्रति दिन 648,000 बैरल प्रति दिन उत्पादन बढ़ाने की अपनी पूर्व घोषित योजनाओं पर बने रहने के लिए सहमत हो गया है, लेकिन सितंबर में अपनी योजनाओं को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। वाणिज्य विभाग की एक रिपोर्ट ने आर्थिक मंदी का और सबूत दिया, जिसमें मई के महीने में व्यक्तिगत खर्च में उम्मीद से कम वृद्धि हुई है। इस हफ्ते कच्चे तेल की कीमतें 7950-8500 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं, जहां निकट सपोर्ट पर खरीदना और रेजिस्टेंस के निकट बेचना रणनीति होगी। गैस भंडार रिपोर्ट में भंडारण में उम्मीद से अधिक बढ़ोतरी और अत्यधिक आपूर्ति वाले बाजार के भय के कारण अमेरिकी नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में कल 6 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से नीचे गिरावट हुई । नेचुरल गैस की कीमतें नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है जहाँ 500 के पास रेजिस्टेंस और 390 के पास सपोर्ट रह सकता है। नेचुरल गैस में उच्च अस्थिरता की उम्मीद है।

बेस मेटल

बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं क्योंकि प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए दरों में आक्रामक बढ़ोतरी ने आर्थिक मंदी को लेकर चिंता बढ़ा दी है जिससे धातुओं की मांग में कमी आएगी। जून में एशिया की मैनुफैक्चरिंग गतिविधियां ठप हो गई क्योंकि कई कंपनियां चीन के सख्त ब्वटप्क–19 लॉकडाउन के कारण आपूर्ति में व्यवधान से प्रभावित हुई, जबकि यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में आर्थिक धीमेपन के जोखिमों के कारण वैश्विक स्तर पर मंदी की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। अमेरिकी उपभोक्ता खर्च मई में अनुमान से कम बढ़ा है क्योंकि मोटर वाहनों की कमी रही, जबकि उच्च कीमतों ने उपभोक्ताओं को अन्य सामानों की खरीद पर कटौती को मजबूर कर दिया। लेकिन शॉर्ट कवरिंग से तेजड़ियों को कुछ राहत मिल सकती है क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था में धीमी रिकवरी और विश्व स्तर पर मंदी की आशंका तेज होने के कारण 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से बेस मेटल की कीमतों में सबसे अधिक तिमाही गिरावट दर्ज की गई है । तांबे की कीमतें 665–700 के दायरे में कारोबार कर सकती है। दुनिया में तांबें के सबसे बड़े उत्पादक चिली में मई में तांबे का उत्पादन सालाना आधार पर 2.7% कम होकर 480,275 टन रह गया है। तांबें की आपूर्ति श्रृंखला चुनौती बनी हुई है, लेकिन यह पिछले साल की तुलना में बेहतर स्थिति में है जब एलएमई स्टॉक शून्य के करीब तक कम हो गया था। एल्युमीनियम की कीमतें 195–215 के दायरे में कारोबार कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि कुछ जापानी एल्युमीनियम खरीदार जुलाई–सितंबर शिपमेंट के लिए बेंचमार्क मूल्य पर 148 डॉलर प्रति टन का प्रीमियम देने पर सहमत हुए हैं, जो मौजूदा तिमाही से 14% कम है। जिंक की कीमतें 275–295 के दायरे में कारोबार कर सकती है। लेड की कीमतें 168–178 के दायरे में कारोबार कर सकती है। निकल की कीमतें 2000–2120 के दायरे में कारोबार कर सकती है। रूस के नॉर्निकेल के अनुसार 2022 में वैश्विक स्तर पर प्राथमिक निकल उत्पादन 19% बढ़कर 3.21 मिलियन मीट्रिक टन हो सकता है, और 2021 का निकल की कमी 2022 में लगभग 40,000 मिलियन टन के हल्के सरप्लस में बदल जाना चाहिए।

भारतीय कमोडिटी डेरिवेटिव्स में एफपीआई को अनुमति

घरेलू कमोडिटी बाजारों में लिक्विडिटी, उचित मूल्य की प्राप्ति और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए, बाजार नियामक सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को कमोडिटी डेरिवेटिव बाजारों में निवेश करने की अनुमति दे दी है। विदेशी निवेशक, जो भारतीय वित्तीय बाजारों में स्टॉक, बॉन्ड, गिल्ट और विदेशी मुद्रा में स्वतंत्र रूप से कारोबार करते हैं, उन्हें एक्सचेंज–ट्रेडेड कमोडिटी फ्यूचर्स और ऑप्शंस में पोजीशन लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। 'विदेशी योग्य संस्थाओं' को आवश्यक निर्यात या आयात दस्तावेज जमा करने के बाद भौतिक बाजारों में केवल 'हेजिंग' के लिए डेरिवेटिव खरीदने या बेचने की अनुमति है। लेकिन उन्हें कमोडिटी डेरिवेटिव्स में ट्रेडिंग करने की अनुमति नही दी गई थी। सेबी का यह फैसला चीन द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों के लिए अपने कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार खोलने का निर्णय करने के एक साल बाद आया है और ऐसे समय में आया है जब कमोडिटी एक्सचेंज ट्रेडिंग वॉल्यूम में गिरावट हो रही हैं और एफपीआई शेयर बाजारों से बाहर निकल रहे हैं।

भारतीय कमोडिटी डेरिवेटिव बाजारों में एफपीआई के निवेश का मार्ग क्या होगा?

- एफपीआई को कतिपय जोखिम प्रबंधन उपायों के अधीन भारतीय एक्सचेंज–ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव (ईटीसीडी) में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
- मौजूदा योग्य विदेशी इकाई (ईएफई) मार्ग, जिसके लिए भारतीय फिजिकल कमोडिटीज के वास्तविक एक्सपोजर की आवश्यकता थी, को बंद कर दिया गया है।
- कोई भी विदेशी निवेशक, जो भारतीय ईटीसीडी में भाग लेने का इच्छुक है, जिसमें भारतीय फिजिकल कमोडिटीज का वास्तविक एक्सपोजर है या नहीं, वह एफपीआई मार्ग के माध्यम से ऐसा कर सकता है।
- एफपीआई को सभी गैर–कृषि कमोडिटी डेरिवेटिव्स और चुनिंदा गैर–कृषि बेंचमार्क सूचकांकों में कारोबार करने की अनुमति होगी। शुरुआत में एफपीआई को केवल नकद निपटान वाले कॉन्ट्रैक्टों में ही अनुमति दी जाएगी।
- व्यक्तियों, पारिवारिक कार्यालयों और कॉर्पोरेट जैसी श्रेणियों से संबंधित एफपीआई को किसी विशेष कमोडिटी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट में ग्राहकों के स्तर पर कुल पोजिशन सीमा के 20 प्रतिशत की पोजिशन सीमा की अनुमति होगी, जो करेंसी डेरिवेटिव के लिए निर्धारित पोजिशन सीमा के समान है।
- एफपीआई के लिए कोई अतिरिक्त जोखिम प्रबंधन उपाय निर्धारित करने की आवश्यकता है या नहीं, इसकी समीक्षा/जांच करने के लिए सेबी और बाजार सहभागियों के प्रतिनिधियों से युक्त एक कार्य समूह भी गठित किया गया है।

कमोडिटी डेरिवेटिव्स में एफपीआई की मंजूरी के बाद बाजार पर असर

- वैश्विक बाजार के साथ भारतीय बाजार को एकीकृत करने के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इससे भारतीय बाजार में पूंजी का मुक्त प्रवाह संभव होगा, लेकिन इसकी अनुमति केवल गैर–कृषि नकदी–निपटान वाले उत्पादों में है, इसलिए वॉल्यूम में धीरे–धीरे बढ़ोतरी होगी।
- इससे कमोडिटी बाजार की गहराई बढ़ेगी, जो कई कमोडिटीज में लिक्विडिटी की कमी का सामना कर रहा है। यह उनके लिए आर्बिट्राज का अवसर बढ़ाएगा और साथ ही उनके लिए एक नया माध्यम उपलब्ध होगा और इसमें भारतीय रूपये की भी एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी।
- यह कम लिक्विड कॉन्ट्रैक्टों में मदद करेगा और विदेशी कारोबारी भारतीय कमोडिटी एक्सचेंजों के नए उपकरणों, जैसे– वायदा के साथ कई कमोडिटीज और सूचकांक के ऑप्सन में ट्रेड, का इस्तेमाल कर सकते है।
- बढ़ी हुई भागीदारी से भारतीय एक्सचेंजों को सेबी की अनुमति से अधिक कॉन्ट्रैक्टों को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- सोने जैसी प्रमुख कमोडिटीज की खपत को देखते हुए भारत वैश्विक स्तर पर कमोडिटी व्यापार में एक बड़ी भूमिका निभा सकता है।
- इसके अलावा, उनकी भागीदारी से कमोडिटी वायदा सेगमेंट में लेनदेन की लागत को कम करने में मदद मिल सकती है।

चूंकि एफपीआई की अनुमति केवल नकद–निपटान वाले कॉन्ट्रैक्टों में ही दी गई है। सेबी ने कहा कि एक ग्राहक के रूप में एफपीआई (व्यक्तियों, पारिवारिक कार्यालयों और कॉर्पोरेट निकायों के अलावा) के लिए पोजिशन सीमा वर्तमान में म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए लागू पोजिशन सीमा के बराबर होगी। इसलिए, लिक्विडिटी की बाढ़ की उम्मीद न करें। तो सवाल अभी भी बना हुआ है, क्या बढ़ी हुई लिक्विडिटी धीरे–धीरे भारतीय कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार को विभिन्न कमोडिटीज के लिए वैश्विक बेंचमार्क के रूप में काम करने में सक्षम कर सकती है, जिससे भारत मूल्य लेने वाले की भूमिका से मूल्य निर्धारक की भूमिका निभा सके? फिर भी, यह देखते हुए कि वर्तमान में भारत में लगभग 10,000 एफपीआई पंजीकृत हैं, भले ही उनमें से दसवां हिस्सा भारतीय कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार में भाग लेता है, लेकिन इससे भारतीय ईटीसीडी सेगमेंट में काफी लिक्विडिटी आ सकती है। इंडेक्स में शुरू किए गए नए फ्यूचर्स और ऑप्शंस में आकर्षण अधिक बढेगा। भारतीय एक्सचेंजों के पास विश्व स्तरीय इंफ्रा और तकनीक है, जो इस बाजार को व्यवहारिक बना सकती है।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।